हिन्दुस्तान

तरक्की को चाहिए नया नजरिया

शुक्रवार, 28 नवम्बर 2014, बरेली, पांच प्रदेश, 18 संस्करण, नगर

www.livehindustan.com

इंस्पायर इंटर्नशिप में प्रदेश भर से स्टूडेंट पहुंचे

बरेली | प्रमुख संवाददाता

श्रीराममूर्ति स्मारक कालेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में इंस्पायर इन्टर्नशिप में आदित्य मूर्ति ने विचार रखे।

श्रीराममूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में गुरुवार को इंस्पायर इंटर्नशिप आयोजित किया गया। शुभारंभ मुख्य अतिथि डीआईजी बरेली जोन आरकेएस राठौर, ट्रस्ट सचिव आदित्य मूर्ति और ट्रस्ट प्रशासक सुभाष मेहरा ने किया। इसमें प्रदेश के विभिनन इंटर कॉलेजों के 200 से अधिक विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं, जो पांच दिन तक संस्थान में ट्रेनिंग लेंगे।

मुख्य अतिथि आरकेएस राठौर ने कहा कि जीवन में सफलता का एक ही मूलमंत्र मेहनत है। इसका कोई और तोड़ नहीं है। उन्होंने अपने कई अनुभव बांटे और विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया कि वह जीवन में अच्छा लक्ष्य साधें।

बरेली कॉलेज के प्रो. डीके सक्सेना ने पर्यावरण संरक्षण की जानकारी दी। कहा कि अपनी जरूरत से जुड़ी 90 प्रतिशत चीजें पेड़ पौधों से मिलती है। ऐसे में पर्यावरण संरक्षण कर इसका लंबे समय तक उपभोग कर सकेंगे। ऐसे में पर्यावरण मित्र बनने की कोशिश करें। विद्यार्थियों ने भौतिकी, रसायन, कंप्यूटर की लैब में प्रैक्टिकल किया। आदित्य मूर्ति ने कैंप में आए विद्यार्थियों और शिक्षकों का स्वागत किया। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम की पंक्तियों का उदाहरण देते हुए कहा कि जब तक आप उद्देश्य की कल्पना नहीं करेंगे, तब तक आप उसको पूरा नहीं कर सकेंगे।